महत्वपूर्ण

संख्या-79/1286/78-1-2014-86आई0टी0/2014

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 22 दिसम्बर, 2014

विषय: मेसर्स रिलाएन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा प्रदेश में 4 जी सेवा प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत है कि देश में प्रदेश की तकनीक एवं औद्योगिक विकास में वर्तमान में टेलीकॉम की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में निवेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी के विकास की दृष्टि से यह परियोजना महत्वपूर्ण है, जिसके लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इस संबंध में मेसर्स रिलाएन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा प्रदेश में निवेश सम्मेलन के दौरान उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु एक एम0ओ0यू0 (Memorandum of Understanding) भी हस्ताक्षरित हुआ है।

2- प्रदेश में 4जी ब्राण्डबैंड वायर लाइन/वायरलेस ऐक्सेस सर्विस प्रदान किये जाने के संबंध में क्रमशः नगर विकास विभाग एवं आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा निम्न शासनादेशों द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं:-

(1) शासनादेश संख्या-286/नौ-9-2014-161ज/12, दिनांक 11 मार्च, 2014
(प्रति संलग्न)

(2) शासनादेश संख्या-637/8-3-14-100 विविध/97, दिनांक 04 अगस्त, 2014
(प्रति संलग्न)

3- मेसर्स रिलाएन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा अवगत कराया गया है कि मोबाइल टॉवर/आप्टिकल फाइबर केबिल बिछाने हेतु कतिपय विभागों/संस्थाओं द्वारा समय से अनुमति/सहयोग न मिलने के कारण उक्त परियोजना के क्रियान्वयन में विलम्ब हो रहा है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- अत: कृपया उक्त परियोजना को पूर्ण कराये जाने हेतु अपने जनपद में स्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सहयोग प्रदान किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि परियोजना का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से हो सके।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

आलोक रंजन
मुख्य सचिव।

संख्या-79/1286(1)/78-1-2014तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- राजीव कुमार अग्रवाल, मैसर्स रिलाएन्स जियो इन्फोकॉम लि0, द्वितीय तल, रोहतास के0 एस0 ट्राइडेंट, 10 राना प्रताप मार्ग, लखनऊ-226001
6- प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।
7- गार्डफाइल

आज्ञा से,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in